18090

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

पाठ्यक्रम-कोड : एफ.एच.डी.-2

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खंड - क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250-300शब्दों में दीजिए।

1. सम्प्रेषण के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

उच्चरित और लिखित भाषा के प्रमुख भेद बताइए।

2. 'तिब्बत : ल्हासा से उत्तर की ओर' शीर्षक यात्रा-वृत्तान्त का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

'निराला की साहित्य साधना' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

खंड - ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

3. प्रभावी लेखन की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

अपने स्कूल के दिनों की किसी विशेष घटना पर संस्मरण लिखिए।

4. कार्यालयी लेखन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

'आत्मकथा की भाषा' पर विचार कीजिए।

5. हाव-भाव की सामाजिक सापेक्षिकता को रेखांकित कीजिए। 5

अथवा

किसी सामाजिक समस्या को केन्द्र में रखते हुए किसी समाचार-पत्र या पत्रिका के संपादक को पत्र लिखिए।

खंड - ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : **1x5=5**

   (a) उच्चरित भाषा की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

   (b) जीवनी और आत्मकथा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

   (c) संवाद के वर्गीकरण का एक प्रमुख आधार बताइए।

   (d) किसी भी रचना के शीर्षक में कौन से गुण होने चाहिए।

   (e) आख्यान का एक प्रमुख स्रोत बताइए।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए : **1x10=10**

   (a) 'एकलव्य के नोट्स' का लेखन किया है।

      (i) निराला ने

      (ii) उपेन्द्रनाथ अश्क ने

      (iii) महादेवी वर्मा ने

      (iv) फणीश्वर नाथ रेणु ने

   (b) अनौपचारिक पत्र किसे नहीं लिखा जाता है?

      (i) मित्र को

      (ii) किसी अधिकारी को

      (iii) भाई को

      (iv) पिता को

(c) 'नाच्यो बहुत गोपाल' के लेखक हैं :

(i) प्रेमचंद

(ii) अमृतलाल नागर

(iii) जैनेन्द्र

(iv) यशपाल

(d) जैसे शरीर में रक्त प्रवाहित होता है, उसी प्रकार संस्मरण में :

(i) औपचारिकता

(ii) अंतरंगता

(iii) अविश्वसनीयता

(iv) उपर्युक्त तीनों

(e) रामविलास शर्मा की रचना है :

(i) गोदान

(ii) निराला की साहित्य साधना

(iii) सुनीता

(iv) पथिक

(f) आत्मकथा है :

(i) वैयक्तिक लेखन

(ii) सांस्कृतिक लेखन

(iii) राजनीतिक लेखन

(iv) आर्थिक लेखन

(g) सुभद्रा कुमारी चौहान के चरित्र में निम्नलिखित में से कौन सा गुण था ?

(i) दृढ़ता

(ii) विद्रोही

(iii) देश भक्ति

(iv) उपर्युक्त तीनों

(h) निराला की बेटी का नाम था :

(i) पार्वती

(ii) चन्द्रिका

(iii) सरोज

(iv) मल्लिका

(i) बैठक का कार्यवृत्त तैयार करता है :

(i) अध्यक्ष

(ii) उपाध्यक्ष

(iii) सदस्य सचिव

(iv) अध्यक्ष द्वारा नियुक्त सदस्य

(j) तिब्बत की यात्रा की थी :

(i) प्रेमचन्द ने

(ii) राहुल सांकृत्यायन ने

(iii) रेणु ने

(iv) निराला ने